उत्तराखण्ड अधीनस्थ सेवा चयन आयोग
Uttarakhand Subordinate Services Selection Commission

पत्रांक /Ref. No.: 362 दिनांक /Date.: 16 जुलाई 21

संवाद–135

विषय– परीक्षा हेतु निर्धारित समय पर परीक्षा केन्द्र में पहुँचने के संबंध में ।

आप को ज्ञात है कि आज दिनांक 16/07/2021 से वन दरोगा पद के लिए कम्प्यूटर (लिखित) परीक्षा ऑनलाईन (CBT मोड) में प्रारंभ हो गयी है, आज पहली पाली की परीक्षा समय 9:30 बजे से प्रारंभ हुयी । परीक्षा प्रवेश पत्र में यह स्पष्ट किया गया है कि प्रत्येक अभ्यर्थी को परीक्षा शुरू होने के पूर्व अर्थात समय 8:30 बजे परीक्षा केन्द्र पर पहुँचना अनिवार्य है। प्रवेश पत्र में यह भी स्पष्ट किया गया है कि परीक्षा समय से 15 मिनट पूर्व परीक्षा केन्द्र का द्वार (Main Gate) बंद कर दिया जाएगा, अर्थात परीक्षा समय के 15 मिनट पूर्व अभ्यर्थियों को परीक्षा केन्द्र में प्रवेश नहीं मिलेगा, कई जगहों पर आज अभ्यर्थी देर से आये हैं व एक दो स्थानों पर देर से आने के बावजूद कुछ अभ्यर्थियों ने अभद्र व्यवहार किया। यह उचित नहीं है व अभ्यर्थियों को इस व्यवहार पर भी अभ्यर्थन निरस्त किया जा सकता है।

उपरोक्त समय की व्यवस्था इसलिए की गयी है कि परीक्षा के पूर्व अभ्यर्थियों की चेकिंग/फ्रिस्किंग तथा बायोमेट्रिक दर्ज की जाती है, ये गतिविधियां समय पर पूर्ण हो सके व निर्धारित समय से परीक्षा भी शुरू हो सके, इसमें विलम्ब से परीक्षा समय पर प्रारंभ होने में कठिनाई हो जाती है। इसके साथ ही परीक्षा के दौरान नये अभ्यर्थियों के प्रवेश करने से परीक्षा दे रहे अभ्यर्थियों को भी व्यवधान होता है। अतः अभ्यर्थियों से यह अपेक्षा की जाती है कि वे निर्धारित समय पर परीक्षा केन्द्र पर पहुँचे अन्यथा वे परीक्षा देने से वंचित रह जायेंगे। यदि किसी भी अभ्यर्थी द्वारा परीक्षा केन्द्र में अनुशासनहीनता या अशोभनीय व्यवहार किया गया तो इसे राज्य की सेवा में आने के लिए अपात्रता माना जायेगा व परीक्षा देने पर भी उनका अभ्यर्थन आयोग द्वारा निरस्त किया जा सकता है।

अतः निर्धारित समय सीमा का पालन अनिवार्य है।

16/7/21

(संतोष बडोनी)

सचिव